>

Title: Need to upgrade the Agra airport to the level of an International Airport - laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) अध्यक्ष महोदय, आगरा विश्व का सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। विदेशी पयटक बड़ी संख्या में ताजमहल एवं अन्य मुगलकालीन इमारतों को देखने आते हैं, लेकिन आगरा के खेरिया हवाई अड्डे से कोई अंतर्राष्ट्रीय उड़ान नहीं है। लगभग 12 हजार पर्यटक प्रतिदिन आगरा आते हैं जिन्हें उड़ान न होने के कारण अत्यधिक असुविधा होती है। भारत सरकार ने विगत दिनों ताज इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेबर (बुलंदशहर) में स्थापित करने की अनुमति दे दी है जो ग्रेटर नोएडा एवं आगरा के मध्य में स्थित है। यह विशुद्ध रूप से राजनैतिक निर्णय है, विशेषज्ञों का कहना है कि एक एयरपोर्ट से दूसरे एयरपोर्ट की दूरी कम से कम 200 कि0मी0 होनी चाहिए, आगरा में पहले से एनफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है और इसकी दिल्ली से दूरी 200 कि0मी0 के ही लगभग है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि आगरा के खेरिया हवाई अड्डे को ही विस्तार करके उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने का स्वरूप प्रदान किया जाये।